nwda.gov.in

जन अभियान परिषद ने केन बेतवा लिंक परियोजना के शुभारंभ पर निकाली कलश यात्रा

गुनौर | नि.प्र.

सरकार की महत्वाकांक्षी योजना केन-बेतवा लिंक परियोजना का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किया गया है। जिसमें पन्ना जिले के 362 ग्राम जो केन-बेतवा लिंक परियोजना से लाभाविन्त होने जा रहे हैं। जिसमें पन्ना जिले के गुनौर ब्लॉक के 46 गांव भी लाभान्वित होने जा रहे हैं उन ग्रामों में दिनांक 11 मार्च 2024 से 13 मार्च 2024 तक परियोजना के शुभारंभ कार्यक्रम में विभिन्न ग्रामों में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्यवक आनंद पाण्डेय के निर्देशन एवं ब्लॉक समन्यवक जगदीश सिंह के मार्गदर्शन में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इसके अलावा जल की महत्वता से जुड़े स्लोगन को दीवार लेखन के माध्यम से जन-जन को जागरूक किए जाने के प्रयास किए गया। सायंकाल में कई ग्रामों में भजन मंडली गायन एवं ग्राम के विद्यायलों में निबंध, चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियां के साथ मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम, पाठ्यक्रम से जुड़े परामर्शदाता अशोक शर्मा,टी. डी कुशवाहा, सूर्य प्रकाश सोनी, संदीप पटेल, सुनील सोनी एवं छात्र बृजभान पटेल, ब्रजेंद्र पटेल, ज्ञानेंद्र तिवारी सहित समस्त छात्र-छात्राओं द्वारा तीन दिवस तक इन गतिविधियों में हिस्सा लिया गया।